श्याम दीवाने आए झूमे सब नाचे गाये

श्याम दीवाने आए,
झूमे सब नाचे गाये,
खाटू नगरी में हुआ,
अजब कमाल,
हाथी घोडा पालकी,
जय कन्हैया लाल की,
हरा पिला नीला रंग,
उड़े रे गुलाल,
हरा पिला नीला रंग,
उड़े रे गुलाल।।

गूंज रही खाटू की गलियाँ,
चम चम चमक,
रही है बिजलियाँ,
कैसे महक उठी है कलियाँ,
हारे का सहारा श्याम,
लागे प्यारा प्यारा श्याम,
शंख नगाडा बाजे,
बाजे घड़ियाल,
हाथी घोडा पालकी,
जय कन्हैया लाल की,
हरा पिला नीला रंग,
उड़े रे गुलाल।।

कोई आगे कोई पीछे,
देखो जहाँ भी ऊपर नीचे,
थिरक रहे है पाँव सभी के,
आज नहीं थकणा,
श्याम दर नचणा,
आओ मिलाये ताल से ताल,
हाथी घोडा पालकी,
जय कन्हैया लाल की,
हरा पिला नीला रंग,
उड़े रे गुलाल।।

चढ़ गई श्याम नाम की खुमारी,
रास रसैया बांके बिहारी,
जाऊ तो मैं वारि वारि,
भर के उमंग में,
श्याम जी के संग में,
ताता थैया करे धमाल,
हाथी घोडा पालकी,

जय कन्हैया लाल की,
हरा पिला नीला रंग,
उड़े रे गुलाल।।

आज सुहाना दिन है आया,
श्याम धणि ने दर पे बुलाया,
माया पति की अद्भुत माया,
श्याम जी के दर से,
खुशिया बरसे,
किशन 'ज्योति' बहुत निहाल,
हाथी घोडा पालकी,
जय कन्हैया लाल की,
हरा पिला नीला रंग,
उड़े रे गुलाल..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24430/title/

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |